कार्यालय प्राचार्य, शासकीय राजकुमार धीरज सिंह, महाविद्यालय
उदयपुर, जिला–सरगुजा (छ.ग.)
यूजीसी से 2 (F) मान्यता, संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय सरगुजा अम्बिकापुर से संबद्ध
COLLEGE CODE- 3405 "NAAC द्वारा मूल्यांकित - B ग्रेड" (2.18 CGPA) टेलीफोन नं0– 07774–251272
Website:govtrdscollegeudaipur.in Email ID govtrdscollegeudaipur01@gmail.com

क्रमांक/ 97 स्था./ 2024 उदयपुर दिनांक 01 /08/2024

# "संशोधित आदेश"

कार्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग का आदेश क्रमांक 574/126/ आउशि राज/स्था./2024 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक **06/07/2024** के आदेशानुसार इस महाविद्यालय में, अर्थशास्त्र विषय में अतिथि व्याख्याता की नियुक्ति हेतु दिनांक **15/07/2024** को विज्ञापन प्रकाशित किया गया था। **23/07/2024** तक प्राप्त आवेदनों के आधार पर 24/07/2024 को अनन्तिम गुणानुक्रम सूची जारी कर दिनांक **26/07/2024** तक दावा आपत्ति आमंत्रित की गई थी। प्राप्त दावा आपत्तियों के निराकरण पश्चात् दिनांक 27/07/2024 को, **"अतिथि व्याख्याता नीति 2024 की कण्डिका 5.4 के अनुसार"** छत्तीसगढ़ के मूल निवासी अभ्यार्थियों को प्राथमिकता, के सन्दर्भ में अंतिम मेरिट सूची जारी कर भर्ती प्रक्रिया के सन्दर्भ में कार्यवाही की गई।

अतिथि व्याख्याता नीति 2024 की कण्डिका में उल्लेखित छत्तीसगढ़ के मूल निवासी अभ्यर्थियों को प्राथमिकता देने के सन्दर्भ में, चयन समिति द्वारा श्रेणी प्रथम में छत्तीसगढ़ के मूल निवासी अभ्यर्थी न होने के कारण श्रेणी –02 में शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाले छत्तीसगढ़ के मूल निवासी अभ्यर्थी को चयनित किया गया था। उक्त चयन प्रक्रिया को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाता है।

उपर्युक्त कार्यवाही के सन्दर्भ में दिनांक **27/07/2024** को जारी की गई अन्तिम गुणानुक्रम सूची (अतिथि व्याख्याता–अर्थशास्त्र) को आगामी आदेश पर्यन्त तक शून्य घोषित किया जाता है। अन्तिम गुणानुक्रम सूची के शून्य घोषित होने से तत्संबंध में की गई नियुक्ति कार्यवाही स्वमेव स्थगित मानी जावेगी। चयन समिति को निर्देशित किया जाता है कि अतिथि व्याख्याता नीति 2024 का पुनः सुक्ष्म अध्ययन कर यथाशीघ्र अन्तिम मेरिट सूची जारी कर दावा आपत्ति आमंत्रित की जाए।

प्राचार्य
शास.राजकुमार धीरज सिंह महाविद्यालय,
उदयपुर, जिला सरगुजा (छ.ग.)

प्राचार्य
शास. राजकुमार धीरज सिंह
महा.वि.–उदयपुर
जिला–सरगुजा(छ.ग.)

Scanned with OKEN Scanner

पृ. क्र.       2024

उदयपुर दिनांक 01/08/2024

प्रतिलिपि :–

01. आयुक्त उच्च शिक्षा रायपुर को सादर सूचनार्थ।
02. क्षेत्रीय अपर संचालक, अम्बिकापुर को सादर सूचनार्थ।
03. स्थापना शाखा।
04. कार्यालयीन नस्ती।

प्राचार्य
शास. राजकुमार धीरज सिंह महाविद्यालय,
उदयपुर, जिला – सरगुजा (छ.ग.)

प्राचार्य
शास. राजकुमार धीरज सिंह
महा.वि.–उदयपुर
जिला–सरगुजा(छ.ग.)

Scanned with OKEN Scanner